

नवभारत
ग्वालियर, बुधवार 11 फरवरी, 2026



# 132 केवी सबस्टेशन बड़ौदा को अतिक्रमण से मिली सुरक्षा

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 10 फरवरी।** न्यायालय श्योपुर ने मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के 132 केवी सबस्टेशन बड़ोदा (श्योपुर) के आसपास

**न्यायालय के हस्तक्षेप से टली बड़े क्षेत्र में विद्युत व्यवधान की आशंका**

भूमि पर किए जा रहे अतिक्रमण एवं सबस्टेशन से सटे तालाब के अनधिकृत विस्तार पर सख्त रोक लगाते हुए अतिक्रमणकारी को तत्काल सभी गतिविधियां बंद करने के निर्देश दिए हैं। न्यायालय ने स्पष्ट रुप से आदेशित किया है



कि किसी भी अवैधानिक कृत्य से श्योपुर जिले के लगभग 40 प्रतिशत क्षेत्र को विद्युत आपूर्ति करने वाले इस महत्वपूर्ण सबस्टेशन को कोई नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए।

**सबस्टेशन के अस्तित्व पर मंडराने लगा था खतरा :** उल्लेखनीय है कि सबस्टेशन के आसपास की भूमि पर अतिक्रमण के चलते धीरे-धीरे गहरा तालाब विकसित कर लिया गया था, जिससे सबस्टेशन की फेंसिंग एवं सिविल फाउंडेशन कमजोर होने लगे थे। इस स्थिति से न केवल सबस्टेशन के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा था, बल्कि शिवपुरी जिले के बड़े हिस्से में लंबे समय तक विद्युत आपूर्ति बाधित होने की गंभीर आशंका भी उत्पन्न हो गई थी।

**अतिक्रमणकारी को लगातार दी गई थी समझाइश**

एमपी ट्रांसको के स्थानीय अधिकारियों द्वारा लगातार अतिक्रमणकारियों को निर्माण कार्य रोकने के लिए समझाइश दी गई, किंतु जब खतरा अत्यधिक बढ़ गया, तब कंपनी को न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। इस संबंध में न्यायालय श्योपुर में प्रकरण दायर किया गया, जिसमें न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एमपी ट्रांसको को राहत प्रदान की।

**कार्यपालन अभियंता अजीत वर्मा ने प्रस्तुत किए प्रभावी तथ्य**

प्रकरण की पैरवी मे ओईसी कार्यपालन अभियंता शिवपुरी अजीत वर्मा ने तथ्यों एवं तकनीकी जोखिमों को प्रभावी ढंग से न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। न्यायालय के इस निर्णय से न केवल सबस्टेशन की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है, बल्कि क्षेत्र में संभावित बड़े विद्युत व्यवधान को भी समय रहते टाल दिया गया है।




# मलेरिया सर्वेलेन्स शिविर आयोजित

**श्योपुर, 10 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ एसएन बिंदल के निर्देशन में विकासखंड विजयपुर के ग्राम रिझेटा एवं ग्राम पिपरानी में मलेरिया सर्वेलेन्स शिविर का आयोजन किया गया, रिझेटा शिविर में 107 एवं पिपरानी शिविर में 97 इस प्रकार कुल 204 लोगों की किट द्वारा मलेरिया कि जाँच की गई। शिविर के दौरान डॉ दयाराम जाधव, एमटीएस साहिब कुरैशी, सेक्टर सुपरवाइजर राजीव शर्मा, सीएचओ श्रीमती पूजा राठौर, एएनएम श्रीमती लेखा सलाम, एफएचआई के उमेश, माखन, एलटी सतीश सहित पीएम जनमन (एमएमयू) वीरपुर की पूरी टीम, आशा सुपरवाइजर एवं आशा कार्यकर्त्ता उपस्थित रही। उपचार के अतिरिक्त उपस्थित ग्रामीणों को मलेरिया नियंत्रण कि विस्तार से समझाइश दी गई, मलेरिया बीमारी के लक्षण, जाँच एवं उपचार कि जानकारी दी गई।

# बोर्ड परीक्षाएं शुरू, कलेक्टर ने किया परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 10 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा आज बोर्ड परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए सोईकलां स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में बनाये गये परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया गया तथा व्यवस्थाओ का जायजा लिया गया। इस दौरान परीक्षा केन्द्र पर 12वी बोर्ड की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संचालित पाई गई। इस परीक्षा केन्द्र पर 132 विद्यार्थी परीक्षार्थी के रूप में दर्ज थे, जिनमें से सभी परीक्षार्थी उपस्थित रहें। इस अवसर पर परीक्षा केन्द्र के लिए नियुक्त केन्द्राध्यक्ष रामलखन परमार ने बताया कि 12वी बोर्ड की परीक्षा के पहले दिन अंग्रेजी विषय का पेपर संचालित है तथा परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से चल रही है। परीक्षा केन्द्र पर दर्ज 132 परीक्षार्थियों द्वारा 07 कक्षो में परीक्षा दी जा रही है।

उल्लेखनीय है कि 12वी बोर्ड की परीक्षा के लिए आज जिले के 30 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा संपन्न हुई, जिसमें 12वी बोर्ड अंग्रेजी विषय में दर्ज 3 हजार 824 परीक्षार्थियों में से 3 हजार 773 परीक्षार्थी उपस्थित रहें तथा 51 परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे है।

# शासकीय राशि के दुरूपयोग पर सरपंच, सचिवों से वसूली के आदेश जारी

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 10 फरवरी।** न्यायालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद द्वारा पंचायतीराज अधिनियम 1993 की धारा

**सीईओ जिला पंचायत द्वारा गढी, बुढेरा, बैनीपुरा पंचायतों के संबंध में जारी किये आदेश**

89(1) के तहत शासकीय राशि के दुरूपयोग तथा नियम विरूद्ध भुगतान के मामले में तीन पंचायतों के सरपंच, सचिवों एवं रोजगार सहायको से राशि वसूली के संबंध में आदेश जारी किया गया है। इनमें ग्राम पंचायत गढी, बुढेरा एवं बैनीपुरा शामिल है। कुल 6 लाख 38 हजार 928 रूपये की वसूली के आदेश दिये गये है। इस मामले में सीपी ग्राम पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की जांच कराई गई तथा जांच प्रतिवेदन के उपरांत मध्यप्रदेश पंचायतराज अधिनियम 1993 की धारा 89(1) के तहत प्रकरण दर्ज कर संबंधितों को सुनवाई का अवसर प्रदान किया गया।

ग्राम पंचायत गढी में भारत सरकार से प्राप्त सीपी ग्राम पोर्टल पर दर्ज शिकायत की जाँच कर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत विजयपुर द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत अनुसार मस्टर रोल पर व्यय राशि 430650 की वसूली हेतु प्रस्तावित किया गया जिसमें तलैया निर्माण कुराखोई में पुओं के घटिया के पास कार्य के मस्टर रोल पर व्यय राशि 111186 रूपये परकुलेशन टेंक निर्माण कार्य बारेलिया पर तलैया के पास कार्य के मस्टर रोल पर व्यय राशि 87696 रूपये एवं तलैया निर्माण कार्य सोखना पर भैरूबाबा के चबूतरे के पास मस्टर रोल, पर व्यय राशि 111186 रूपये तलैया निर्माण कूराखोई में मस्टर रोल पर व्यय राशि 120582 रूपये शामिल है। इस प्रकार उक्त प्रकरण में मस्टररोल पर लेबर के स्थान पर डमीफोटो खींच कर उपस्थिति दर्ज करने एवं नियम विरूद्ध भुगतान कर कुल राशि 430650 रूपये का दुरूपयोग किये जाने के कारण सरपंच जयप्रकाश पचोरी एवं जीआरएस तथा प्रभारी सचिव मेघनाथ रावत से 430650 रूपये समान भाग में वसूली हेतु आदेशित किया गया है।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत बुढेरा भारत सरकार से प्राप्त सीपी ग्राम पोटल पर लंबित शिकायत की जाँच प्रतिवेदन अनुसार तलैया निर्माण कार्य कल्लू गुर्जर के खेत के पास मस्टर रोल पर व्यय राशि 62640 रूपये की वसूली सरपंच श्रीमती शकुंतला धाकड, सचिव रामप्रकाश धाकड एवं जीआरएस देवेन्द्र शर्मा से समान भाग में वसूली हेतु आदेशित किया गया है।

**नियम विरूद्ध भुगतान कर किया राशि का दुरूपयोग**

ग्राम पंचायत बैनीपुरा भारत सरकार से प्राप्त सीपी ग्राम पोर्टल पर दर्ज शिकायत की जाँच प्रतिवेदन अनुसार मस्टर रोल पर कुल व्यय राशि 145638 रूपये की वसूली हेतु प्रस्तावित प्रकरण में तलैया निर्माण कार्य विशाल के खेत के पास मस्टर रोल में लेबर के स्थान पर डमी फोटो खींच कर उपस्थिति दर्ज कर नियम विरूद्ध भुगतान कर राशि का दुरूपयोग किया गया है। नियम विरूद्ध भुगतान कर राशि 145638 रूपये का दुरूपयोग किया जाने के कारण सरपंच दिनेश धाकड, सचिव बद्री जाटव से समान भाग में वसूली हेतु आदेशित किया गया।



# संयुक्त दल ने किया परीक्षाओं का निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 10 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग, सहायक संचालक यश जैन एवं परीक्षा प्रभारी के संयुक्त दल द्वारा कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा व्यवस्थाओं, गोपनीयता, प्रश्नपत्र वितरण, बैठने की व्यवस्था एवं परीक्षा संबंधी निर्देशों के पालन की समीक्षा की गई।

दल द्वारा शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सेसईपुरा, मॉडल स्कूल कराहल, माध्यमिक विद्यालय बरगवा, उत्कृष्ट विद्यालय कराहल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संचालित पाई गई। केंद्राध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि परीक्षा की पारदर्शिता एवं शुचिता बनाए रखते हुए शासन के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। जिला शिक्षा अधिकारी श्री गर्ग ने कहा कि बोर्ड परीक्षा की निष्पक्षता एवं अनुशासन सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# 4 साल पहले लॉक हुआ आधार कार्ड अथक प्रयासों के बाद खुला

## जनसुनवाई में आभार जताने पहुंची बालिका, स्पॉन्सरशिप योजना में बच्चों को लाभ देने के निर्देश

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 10 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा जनसुनवाई करते हुए कई आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा शासन की विभिन्न योजनाओं में हितग्राहियों को तत्काल लाभान्वित करने की कार्यवाही की गई, इस दौरान नाबालिग निराश्रित बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना में लाभ देने के निर्देश दिये गये, वही एक आवेदक को संबल योजना अंतर्गत लाभ प्राप्त होने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई के दौरान कुल 167 आवेदन प्राप्त हुए।



**जनसुनवाई में आभार जताने पहुंची बालिका :** वर्ष 2021 में आधार कार्ड अपडेट कराने की प्रक्रिया के दौरान तकनीकी त्रुटि से बंद हुआ आधारकार्ड कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के प्रयासों से पुन: एक्टिव हुआ तो बालिका रिशिका जागिड आभार जताने के लिए जनसुनवाई में पहुंची और कलेक्टर श्री वर्मा को चॉकलेट भेंट की गई। आधार कार्ड लॉक होने से परेशान बालिका रिशिका जागिड पुत्री रामबाबू जागिड द्वारा वर्ष 2025 में जनसुनवाई के दौरान आवेदन प्रस्तुत किया गया तथा आधार कार्ड बनाये जाने की मांग की गई थी। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा की विशेष पहल पर इस मामले में गंभीरता के साथ ई-गर्वेनेस के माध्यम से आधारकार्ड को एक्टिव करने के लिए प्रक्रिया को आगे बढाया गया तथा उच्च स्तर पर किये गये प्रशासनिक प्रयासों के चलते बालिका को आधारकार्ड प्राप्त हुआ। उल्लेखनीय है कि आधारकार्ड लॉक होने से बालिका 10वी कक्षा का फार्म भी नही भर पा रही थी, खो-खो की प्रतिभावान खिलाडी रिशिका को आधारकार्ड नही होने से काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा था, आज जब वे अपना आधार हाथ में लेकर जनसुनवाई में पहुंची तो उसकी आंखो में खुशी के साथ ही प्रशासन के प्रति कृतज्ञता भी थी।

स्पॉन्सरशिप योजना में बच्चों को लाभ देने के निर्देश

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा कुम्हारपुरा तहसील वीरपुर निवासी दो नाबालिग एवं निराश्रित बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना अंतर्गत लाभ प्रदान करने के निर्देश महिला बाल विकास अधिकारी को दिये गये। बच्चों के साथ आये ग्राम के लोगों ने बताया कि दोनो बच्चों की मॉ की मृत्यु हो गई है और पिता जेल में है। ऐसे में बच्चों का जीवन यापन कठिन हो रहा है। इस मामले में स्पॉन्सरशिप योजना अंतर्गत लाभ दिये जाने के निर्देश दिये गये।

**रघुवीर को मिलेगा संबल का लाभ**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा ग्राम जाटखेडा निवासी रघुवीर बैरवा को उनके आवेदन परीक्षण उपरांत अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत पत्नि की सामान्य मृत्यु पर दो लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि स्वीकृत होकर ईपीओ जारी हो चुका है तथा शीघ्र ही बैंक खाते के माध्यम से राशि प्राप्त होगी। रघुवीर बैरवा द्वारा अपनी पत्नि स्व. श्रीमती कमलेश बैरवा की मृत्यु पर दो लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि प्रदान किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था।

# बागचा के विस्थापित तीन हितग्राहियों को मिली 36 लाख रूपये की राशि

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 10 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा की आमजन के प्रति संवेदनशीलता एवं सहृदयता से कार्य करने की

**कलेक्टर द्वारा बैंक खातो में रिलीज की गई एफडीआर की राशि**

शैली के चलते कूनो वन मंडल के बागचा से विस्थापित तीन हितग्राहियों की 36 लाख रूपये की एफडीआर राशि तत्काल रिलीज किये जाने की कार्यवाही की गई है, तीनों हितग्राहियों की



12-12 लाख की एफडीआर उनके बैंक खातों में राशि जारी करने हेतु बैंक को लिखित में पत्र जारी कर दिया गया है।

ग्राम बागचा के विस्थापित दिनेश आदिवासी, श्रीमती सौमोती आदिवासी, सुखलाल आदिवासी निवासी चक बमूलिया (नया बागचा) ने कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा को अवगत कराया कि विस्थापन अंतर्गत शासन के प्रावधान के क्रम में उनके द्वारा विकल्प एक का चयन किया था, जिसमें उन्हें 15 लाख रूपये की एक मुश्त राशि कूनो वन मंडल द्वारा प्रदाय की गई, नियम के अनुसार ही लगभग तीन लाख रूपये की राशि तत्समय आवास निर्माण के लिए प्रदाय की गई थी, जिससे उन्होने आवास बना लिये है, शेष राशि खुर्दबुर्द न हो तथा परिवार की आजीविका के लिए उपयोग हेतु प्रावधान अनुसार कूनो वन मंडल द्वारा एफडीआर कराई गई है, जिसमें प्रावधान है कि उक्त राशि कलेक्टर की स्वीकृति के उपरांत ही रिलीज की जा सकती है।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा इस मामले में तत्काल निराकरण करते हुए बैंक को पत्र जारी किया गया कि एफडीआर को दो वर्ष पूर्ण हो चुके है, इसलिए एफडीआर की राशि संबंधित हितग्राहियों के बैंक खातो में जमा कराई जायें।

**विस्थापित परिवारों को दिए गए थे 2 विकल्प**

उल्लेखनीय है कि बागचा में विस्थापन के लिए पात्र पाये गये 223 परिवारों में से 53 परिवारों ने विकल्प 1 तथा 170 परिवारों ने विकल्प 2 का चयन किया था। विस्थापन योजना के तहत विस्थापित परिवारों को दो विकल्प दिये गये थे, विकल्प एक का चयन करने वाले 53 परिवारों को 15 लाख रूपये प्रति परिवार एक मुश्त राशि प्रदान की गई, वहीं विकल्प टू का चयन करने वाले 170 परिवारों को योजना के तहत दो हेक्टयर भूमि प्रदान की गई, साथ ही घर बनाने के लिए तीन लाख रूपये की राशि भी दी गई थी, इसके साथ ही इन विस्थापितों की बसाहट में सभी मूलभूत एवं अंधोसरचनात्मक सुविधाएं विकसित की गई हैं।

# संगठन को मजबूत करने का आह्वान

**विशेष संवाददाता**
**भोपाल, 10 फरवरी.** मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मंगलवार को संगठन सृजन अभियान के तहत राजगढ़ जिले की सारंगपुर विधानसभा में आयोजित पंचायत/वार्ड कमेटी सम्मेलन को संबोधित किया.

उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से पार्टी की विचारधारा को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने, संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों को जनता के सामने उजागर करने का आह्वान किया. कांग्रेसजनों से संवाद करते हुए पटवारी ने आगामी संगठनात्मक कार्ययोजना की रूपरेखा प्रस्तुत की और कहा कि कांग्रेस पंचायत स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक जनहित के मुद्दों पर संघर्ष को और तेज करेगी. उन्होंने कहा कि केवल मजबूत, अनुशासित और जमीनी स्तर से जुड़ा संगठन ही सत्तारूढ़ पार्टी को प्रभावी चुनौती दे सकता है. सम्मेलन को प्रदेश संगठन सचिव संजय कामले, प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी महेंद्र जोशी तथा राजगढ़ जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह ने भी संबोधित किया. उन्होंने संगठनात्मक एकता, अनुशासन और समन्वित रूप से कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया.

## रेल सुरक्षा को मजबूत करेगा 'चालक दल ऐप'

**भोपाल, 10 फरवरी.** भारतीय रेलवे में सुरक्षित और सुचारु रेल परिचालन सुनिश्चित करने की दिशा में रनिंग स्टाफ के लिए गुणवत्तापूर्ण विश्राम एवं सुविधाजनक ठहराव को एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है. इसी क्रम में रेलवे द्वारा रनिंग रूम से संबंधित शिकायतों के त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण के लिए डिजिटल माध्यमों को सशक्त किया जा रहा है. रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र द्वारा विकसित 'चालक दल ऐप' के माध्यम से लोको पायलट, सहायक लोको पायलट एवं ट्रेन प्रबंधक को रनिंग रूम से जुड़ी शिकायतें सीधे दर्ज करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है. यह व्यवस्था विभिन्न स्तरों पर निगरानी को सरल बनाते हुए शिकायतों के शीघ्र समाधान एवं प्रभावी अनुपालन में सहायक सिद्ध हो रही है. हालांकि, यह भी देखा गया है कि कुछ स्थानों पर रनिंग रूम की शिकायतें अभी भी केवल रजिस्टरों अथवा स्थानीय रूप से विकसित प्रणालियों में दर्ज की जा रही हैं, जिससे डिजिटल निगरानी प्रणाली में उनका समुचित प्रतिबिंब नहीं आ पा रहा है. रनिंग स्टाफ को 'चालक दल ऐप' के माध्यम से ही शिकायत दर्ज करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है.

# शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव का आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 10 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में शासकीय आदर्श कन्या महाविद्यालय श्योपुर में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मॉ सरस्वती के पूजन व दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, महाविद्यालय की छात्राओं लक्ष्मी माहौर और बृजवाला नागर द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई।




कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि छात्राओं को सर्वप्रथम अपने लक्ष्य का निर्धारण करना चाहिए, उसके पश्चात उसकी रूप रेखा बनाए की कौन कौन से संसाधन आवश्यक हैं। इसके पश्चात अपने लक्ष्य पर कठिन परिश्रम कीजिए आपको आपका लक्ष्य प्राप्त हो जाएगा, आप सभी बड़े सपने देखिये और उन पर ईमानदारी के साथ पालन कीजिए। विशिष्ट अतिथि के रूप में उप संचालक सामाजिक न्याय श्रीमती शशिकिरण इक्का ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि लड़कियों और महिलाओं को अधिक संघर्ष करना पड़ता हैं। उनको घर, परिवार, समाज और अन्य सभी स्थानों पर उनको दृढ़ता के साथ अपने लक्ष्य पर कार्य करते रहना चाहिए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि ऐसे आयोजन छात्राओं को प्रेरित करने का कार्य करते हैं, इससे प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलता है और कैरियर के अवसर भी मिलते है। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम में सामूहिक नृत्य, एकल नृत्य, गीत आदि छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन डॉ श्याम लाल बामनिया ने व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी डॉ परवीन वर्मा ने किया, मंच संचालन डॉ महेंद्र केथवास और सुश्री वेदांकी खंडेलवाल द्वारा किया गया।